नगरके दर्जनों मोहल्लोंमें बिजली संकट, लोग परेशान

फाल्ट एवं मरम्मत कार्यके चलते रही दिक्कत

नगर के अलग अलग हिस्सों में तार टूटने और केबिल के जलने से बिजली की दिक्कत बनी रही है। नगर में एक तरफ पर्व को लेकर चलने वाले मरम्मत कार्य से लोग परेशान रहे हैं। वहीं बिजली के फाल्ट के चलते बिजली पानी की समस्या बनती रही है।

नगर के पुराने इलाकों में मो.अली पार्क विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े इलाकों जीरो रोड, आर्य समाज गली, खोवा मण्डी में तीन घंटे से ज्यादा समय बिजली की दिक्कत बनी रही है। कल्याणी देवी विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े इलाके में कई जगह से तार टूटकर गिर गया। हालांकि गनीमत रही हैं, कोई दुर्घटना नहीं होने पायीं। सदियापुर में भी दोपहर को फाल्ट के चलते बिजली की दिक्कत बनी रही है। तुलसीपुर में एबीसी केबिल शार्ट सर्किट के चलते दो घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रही है। मरम्मत का कार्य बिजली कर्मचारियों ने बिजली आपूर्ति बहाल किया।

कसारी मसारी और राजरूपपुर में भी सुबह से शाम तक बिजली के आने जाने का क्रम चलने से लोग परेशान रहे हैं। जब काफी देर बिजली नहीं आयी तो लोगों ने त्योहार पर बिजली आपूर्ति बाधित रहने पर नाराजगी जतायी। कर्मचारियों ने बताया कि मरम्मत का कार्य चल रहा है। जल्द बिजली आपूर्ति बहाल हो जायेगी। न्यू खुसरोबाग विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े बैदनटोला फीडर, मरकरी फीडर एवं डफरिन फीडर सुबह से दोपहर तक ट्रिप होने से बिजली की दिक्कत रही है।

इसी क्रम में ओल्ड खुसरोबाग विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े लूकरगंज फीडर, नवदुर्गा फीडर पेड़ काटने के चलते दोपहर को बंद रहे है। बिजली के आये दिन होने फाल्ट के चलते नगर के गली मोहल्लों में लोग परेशान रहते हैं। वहीं अब अब आगामी त्योहारों को लेकर बिजली के चलने वाले मरम्मत के कार्य के चलते दुश्वारियां बढ़ी हुई है। सुबह अचानक विद्युत उपकेन्द्रों से जुड़े इलाकों में ग्यारह बजते ही बिजली कटौती हो जाती है। इसके बाद बिजली कब आयेगी, यह बताने वाला कोई नहीं होता है। उमस भरी गर्मी मे बेहाल होने पर लोग फोन कर उपकेन्द्रों पर हाल लेने की कोशिश करते हैं तो कर्मचारियों द्वारा जरूरी मरम्मत के कार्य का हवाला दिया जाता है। इस दौरान सुबह से शाम तक लोग पानी की किल्लत से जूझते रहते है।

नेहरू पार्कको मिनी सफारी के रूपमें विकसित करनेपर बनी सहमति

हिरण सहित विभिन्न प्रजातियोंके पक्षियोंको लानेकी योजना, मंडलायुक्तने सैन्य अधिकारियोंके साथ पार्कका किया निरीक्षण



नेहरू पार्क को मिनी सफारी के रूप में विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मंडलायुक्त डा. लोकेश एम. ने डिप्टी जीओसी, पूर्वा यूपी-एमपी सब एरिया, ब्रिगेडियर नवनीत डगर, नगर आयुक्त साईं तेजा, पीडीए उपाध्यक्ष श्री ऋषिराज, डीईओ, कैंट बोर्ड एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ नेहरू पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान करीब तीस हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में मिनी सफारी के रूप में विकसित करने पर सहमति बनी।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने पार्क के प्राकृतिक स्वरूप, भू-आकृति एवं उपलब्ध क्षेत्रफल का जायजा लेते हुए इसके विकास की संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। प्रस्तावित योजना के अंतर्गत पार्क का उपयोग केवल सफारी के उद्देश्य से किया जाएगा।

इसके लिए प्रवेश प्लाजा एवं मड ट्रैक विकसित किए जाएंगे। साथ ही, हिरण एवं पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों को यहाँ लाने की योजना है। बच्चों के ज्ञानवर्धन तथा प्रकृति एवं वन्यजीवों के प्रति उनकी समझ विकसित करने के लिए शैक्षिक प्रदर्शनी एवं अन्य ज्ञानवर्धक प्रदर्श भी स्थापित किए जाएंगे। इन सभी कार्यों की विस्तृत रूपरेखा डीपीआर में निर्धारित की जाएगी। परियोजना को व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए पार्क का ड्रोन के माध्यम से स्थलाकृतिक सर्वेक्षण कराया जाएगा। इसके आधार पर सेना एवं प्रयागराज विकास प्राधिकरण के मध्य संयुक्त समझौता ज्ञापन (एमओयू) तैयार किया जाएगा। इसमें दोनों संस्थाओं की भूमिका, उत्तरदायित्व एवं कार्यों से संबंधित शर्तें आपसी समन्वय से निर्धारित की जाएंगी। इसके पश्चात वन विभाग के विशेषज्ञों तथा इस क्षेत्र में अनुभव रखने वाले विशेषज्ञों की सहायता से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कराई जाएगी, जिसके आधार पर विकास कार्यों की रूपरेखा एवं क्रियान्वयन की योजना निर्धारित होगी। मंडलायुक्त ने पार्क के प्राकृतिक स्वरूप एवं प्रस्तावित सफारी की आवश्यकताओं के अनुरूप उपयुक्त वनस्पति विकसित करने के लिए प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) से आवश्यक सहयोग प्रदान करने को कहा। साथ ही सेना की संबंधित इकाइयों से भी परियोजना के विकास एवं क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, ताकि विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के समन्वय से प्रस्तावित कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सके।

पार्कका विकास एवं रखरखाव करेगा पीडीए

पार्क के विकास के साथ-साथ उसके दीर्घकालिक संचालन एवं रखरखाव की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। पार्क का विकास एवं अनुरक्षण प्रयागराज विकास प्राधिकरण(पीडीए) करेगा। इसके संचालन एवं अनुरक्षण (ओएंडएम) के लिए पार्क से प्राप्त राजस्व का उपयोग किया जाएगा, ताकि विकसित सुविधाओं का नियमित रखरखाव एवं संचालन सुनिश्चित किया जा सके। मंडलायुक्त ने पार्क की वर्तमान स्थिति में सुधार लाने के लिए झील एवं संपूर्ण परिसर की साफ-सफाई का कार्य प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा झील में गिरने वाले नालों की टैपिंग कराते हुए जल के समुचित शोधन की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, झील से जलकुंभी हटाने, आवश्यक वनस्पतियों की छंटाई तथा पूरे परिसर की साफ-सफाई के कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे। इन कार्यों से पार्क के पर्यावरणीय स्वरूप में सुधार लाने तथा प्रस्तावित विकास के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ तैयार करने में सहायता मिलेगी। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग एवं संस्थाएँ आपसी समन्वय से प्रस्तावित कार्यों को आगे बढ़ाएँ, जिससे नेहरू पार्क को एक सुव्यवस्थित, आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके।

प्रतियोगितामें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे पुरस्कृत



उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल की महिला कल्याण समिति द्वारा संचालित बाल वाटिका में गुरुवार को निबंध एवं कला प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा, कल्पनाशीलता एवं अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया।

समिति की पदाधिकारियों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों की सराहना की तथा पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनसे बच्चों में आत्मविश्वास, सृजनात्मक सोच और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।

कार्यक्रम में महिला कल्याण समिति की अध्यक्षा श्रीमती वंदना अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती गुलशन वारिस एवं श्रीमती प्रज्ञा दीपक कुमार, सचिव श्रीमती निहारिका सिंह तथा कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रिया मोहन तिवारी सहित श्रीमती मानसी जैन एवं समिति की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

महिलाके पैरपर चढ़ा अप्पे, सिविल डिफेंसने खींचकर बचायी जान

झूसी अंदावा इलाके में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान एक हादसा होते-होते टल गया। भारी भीड़भाड़ के बीच एक अप्पे वाहन अचानक महिला के पैर के ऊपर से गुजर गया। पहिया चढ़ने से महिला दर्द से चीखने-चिल्लाने लगी। महिला की चीख-पुकार सुनकर वहां ड्यूटी पर तैनात सिविल डिफेंस के स्टाफ आफिसर रवि शंकर द्विवेदी, घटना नियन्त्रण अधिकारी मार्कंडेय राय तुरंत हरकत में आए। उन्होंने बिना एक पल गंवाए भीड़ के बीच से महिला को संभाला और खींचकर सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद वे तुरंत उन्हें उठाकर विसर्जन स्थल के पास ही खड़े सहायता शिविर तक ले गए। शिविर में मौजूद चिकित्सा टीम ने तुरंत महिला का प्राथमिक उपचार किया, जिससे उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर सिविल डिफेंस के चीफ वार्डेन अनिल कुमार, डिप्टी कंट्रोलर नीरज मिश्रा, डिविजनल वार्डेन (नगर) रौनक गुप्ता और डिविजनल वार्डेन डा.शशांक ओझा ने उनके इस साहसिक कार्य की प्रशंशा की उनके क्विक रिस्पांस को दूसरो के लिए प्रेरणादायक बताया।

दीपावली एवं छठपर वन वे विशेष गाड़ीका होगा संचालन

रेल प्रशासन द्वारा दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों सुविधा हेतु गाड़ी संख्या ०८३०५ संबलपुर-प्रयागराज वन वे विशेष एक्सप्रेस गाड़ी के संचालन करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या ०८३०५ संबलपुर-प्रयागराज वन वे विशेष एक्सप्रेस ट्रेन २३ अक्तूबर शुक्रवार को संबलपुर से प्रस्थान करेगी।

अस्पतालमें नगर निगमकर्मियोंके लिए रहेंगे तीस फीसदी बेड आरक्षित

नगर निगम कर्मचारी एसोसिएशन एवं नगर आयुक्तके मध्य कर्मचारियोंकी समस्याओंके निराकरणके लिए हुई वार्ता

नगर निगम कर्मचारी एसोसिएशन एवं नगर आयुक्त के मध्य कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए गुरुवार को वार्ता हुई।

एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री अरविंद त्रिपाठी, सचिव कमल कुशवाहा, कोषाध्यक्ष विवेक कुमार श्रीवास्तव, संयुक्तमंत्री ललित श्रीवास्तव एवं यूनियन के अन्य पदाधिकारियों के साथ-साथ सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष प्रदीप एवं अन्य पदाधिकारियों ने कई बिंदुओं पर चर्चा की। जिस पर नगर आयुक्त ने कई निर्णय लिये।

सबसे पहले १. नगर निगम कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के इलाज के लिए नगर निगम की ओर से नैनी क्षेत्र में होने वाले सुपरस्पेशिलिटी हास्पिटल के निर्माण में तीस फीसदी बेड आरक्षित रहने की बात कही। इसके अलावा सदन द्वारा लिये गये संकल्प जिसमें आउटसोर्स कम्प्यूटर आपरेटरों का वेतन बढ़ान के लिए नगर आयुक्त ने आगामी सदन की बैठक में वेतन निर्धारण का प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्णय लिया।

सभी नियमित कर्मचारियों को दीपावली के पूर्व माह अक्तूबर २०२६ का वेतन देने का निणय लिया गया, साथ ही यदि शासन द्वारा दीपावली के पूर्व बोनस देने के आदेश निर्गत किये जाते है तो बोनस का नगद भुगतान कर्मचारियों किया जायेगा। सभी पेंशनरों एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को दीपावली के पूर्व वेतन का भुगतान सुनिश्चित कराया जायेगा।

नगर निगम में तैनात नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों का पहचान पत्र बनवाये जाने की सहमति नगर आयुक्त ने दी। नगर निगम में रिक्त पदों पर प्रोन्नति की काररवाई प्रचलित है, जो आगामी दिवसों में करा दी जायेगी। स्वास्थ्य विभाग की सभी समस्याओं का समाधान अविलम्ब करा दिया जायेगा। नगर स्वास्थ्य अधिकारी का कार्य किसी प्रशासनिक आधिकारी को दिया जायेगा। कर्मचारी के मेडिकल रिम्बर्समेंट के अन्तर्गत प्राप्त बिलों पर भुगतान की कार्यवाही अविलम्ब सुनिश्चित करायी जायेगी।

सेवा निवृत्त कर्मचारियों के जीवित प्रमाण-पत्र को केन्द्र-राज्य सरकार की भांति ऑन लाईन दिये जाने हेतु शीघ्र व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी।

इसके अलावा नगर निगम में आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों की भर्ती में हेला समाज के व्यक्तियों को प्राथमिकता देने पर सहमति दी गयी।

स्नातक चुनावको लेकर कार्यकर्ता सजग एवं सतर्क रहें-राकेश

भाजपा के जिला प्रभारीने की कार्यकर्ताओं-पदाधिकारियोंके साथ बैठक, दिये निर्देश

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने इलाहाबाद झांसी स्नातक चुनाव मतदान को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को सतर्क और सजग रहने की अपील की है।जनप्रतिनिधियों को भी अपने अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने को निर्देशित किया गया है।

जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी, समन्वयक के रूप में भेजे गए एमएलसी अनूप गुप्ता, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, स्नातक चुनाव के सह संयोजक अवधेश चंद्र गुप्ता एवं जिला संयोजक डा. शैलेश पांडेय ने सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय में विभिन्न मंडलों में कार्यकर्ताओं-पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मतदान की अंतिम रूपरेखा पर बारीकी से चर्चा कर रणनीति बनायी। महानगर प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह बौखलाया हुआ है।

स्नातक चुनाव को लेकर मतदान शुक्रवार को होगा। ऐसे में पोलिंग बूथ व बूथ प्रभारियों से विशेष सतर्कता बरतने को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मतदान हो, इसको लेकर मतदाता पर्ची पहुंचाने में ढिलाई न बरतने की अपील की गई। जनप्रतिनिधियों को भी अपने अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने को कहा गया है।

भाजपा जिला मीडिया विभाग के विवेक मिश्रा ने बताया कि संगठनात्मक दृष्टि से प्रयागराज महानगर के तीनों विधानसभा क्षेत्रों कुल १५ मंडलों में कार्यकर्ताओं द्वारा स्नातक मतदाता पर्ची पहुंचाई गई है।

उमरे के केन्द्रीय चिकित्सालयमें रक्तदान शिविर आयोजित

उत्तर मध्य रेलवे के केन्द्रीय चिकित्सालय में विशेष अभियान ६.० (एवं भारतीय रेल के स्वच्छता पखवाड़ा) अभियान के अंतर्गत इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन वैचैरिटेबल ब्लड बैंक, प्रयागराज के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन डाक्टर राकेश निगम, चिकित्सा निदेशक, केन्द्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज तथा डाक्टर सुरेन्द्र नाथ, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उमरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर डाक्टर मंजुलता हांडू, अपर मुख्य दंत शल्य चिकित्सक तथा डाक्टर उषा एस. पी. यादव, अपर मुख्य स्वास्था निर्देशक शिविर में रक्तदान करने वाली प्रथम दो महिला चिकित्सकों में शामिल रहीं।

इस पहल का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिहित करने में रेलवे कर्मचारियों की सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। रक्तदान करने वाले सभी दाताओं को जलपान एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये।

शीतकालीन सावधानियों एवं संरक्षाके लिए उमरे ने की तैयारियां

आगामी ठण्डक के मौसम के लिए अपनी वार्षिक तैयारियों के तहत उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज, झांसी, और आगरा सहित अपने सभी मंडलों में शीतकालीन सावधानियों और संरक्षा प्रोटोकाल का महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के मार्गनिर्देशन में एक व्यापक ढांचा तैयार किया है। रेलवे बोर्ड और मुख्यालय द्वारा जारी व्यापक दिशानिर्देशों के बाद इंजीनियरिंग और संचालन विभागों ने चरम शीतकालीन महीनों के दौरान पूर्ण सुरक्षा, सुचारू ट्रेन संचालन और रेलवे ट्रैक की संरचनात्मक अखंडता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत उपाय किये हैं।

उत्तर मध्य रेलवे की शीतकालीन तैयारी योजना के तहत नियमित ट्रैक परीक्षण और निगरानी की जायेगी। मुख्य लाइन पर पटरियों, वेल्ड, स्विच एक्सपेंशन जोइंट्स, और पाइंट्स एंड क्रासिंग के लिए अल्ट्रासाउंड फ्ला डिटेक्शन परीक्षण की ओवरड्यू स्थिति की दैनिक ट्रैकिंग और निगरानी सख्ती से लागू की जा रही है। जब रेल का तापमान निर्धारित सीमा से नीचे चला जाएगा, तब शीतकालीन गश्त व्यापक रूप से तैनात की जाएगी। उन्नत जीपीएस ट्रैकर्स, साथी गियर, तिरंगी हैंड सिग्नल लैंप, डेटोनेटर और सुरक्षा परिधानों से लैस गश्ती कर्मचारी शुरुआती चरण में रेल-वेल्ड फ्रैक्चर या अत्यधिक अंतराल का पता लगाने के लिए निर्दिष्ट बीट्स को कवर करेंगे। साथ ही सभी शीतकालीन गश्ती कर्मियों की आवाज पर वास्तविक समय में सक्रिय रूप से नजर रखी जाएगी। एडीईएन कार्यालयों, मंडलीय इंजीनियरिंग नियंत्रण और मुख्यालय नियंत्रण कक्ष में समर्पित मिनी-कंट्रोल व्यवस्थित रूप से पेट्रोलिंग रिपोर्टों को ट्रैक करेंगे, रैंडम चेकिंग करेंगे और जीपीएस एकीकरण का उपयोग करके फील्ड स्थानों का सत्यापन करेंगे। सामग्री की तैयारी और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए स्टाफ की तैनाती होगी। गहन कर्मचारी परामर्श और संरक्षा आडिट की व्यवस्था की जायेगी। फाग सेफ डिवाइस की सही स्थिति में और समुचित संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। कोहरे के संबंध में संरक्षा जागरूकता के लिए लाइन स्टाफ को कोहरे के सम्बन्ध में सावधानियों के संबंध में काउंसिलिंग एवं नियमित प्रशीक्षण दिया जा रहा है।

शोकाकुल परिजनोंसे मिले चित्रांश समाजके संयोजक

दिवंगत सतीश श्रीवास्तवके परिवारको सरकारी नौकरी और ५० लाख की आर्थिक सहायता देनेकी मांग की



बिहार से आये चित्रांश (कायस्थ) समाज के संयोजक सीतेश रमन ने दिवंगत अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव के आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया।उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड से पूरा समाज मर्माहत है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि हत्या में शामिल सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर कठोर काररवाई की जाय।

सीतेश रमन ने कहा कि पीड़ित परिवार भय के माहौल में जी रहा है। सरकार परिवार को सुरक्षा प्रदान करने के साथ एक सदस्य को सरकारी नौकरी और ५० लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराये। उन्होंने भरोसा दिलाया कि न्याय मिलने तक चित्रांश समाज पीड़ित परिवार के साथ खड़ा रहेगा। कायस्थ नेता ने कहा की उत्तर प्रदेश सरकार से हमारी मांग है कि कायस्थों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। किसी भी कायस्थ पर हमला समाज बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

नवम्बरसे मेडिकल स्टोरोंकी जानकारी होगी आनलाइन

सार्वजनिक करना होगा दवाओंका स्टाक,वेबासाइट पर खुलेगा ब्योरा

उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार अब मेडिकल स्टोर से जुड़ी जरूरी जानकारी आनलाइन भी मिल सकेगी। प्रयागराज सहित यूपी में एक नवंबर से रिटेल फार्मेसियों को अपनी सार्वजनिक बेवसाइट पर दवाओं के स्टाक सहित जरूरी जानकारीकारियों देनी होगी। लाइसेंस नंबर से लेकर नियुक्त फामासिस्ट एवं दुकान के पते तक का ब्योरा सार्वजनिक करना होगा। इतना ही नहीं वेबसाइट पर दी गयी जानकारी हर सप्ताह अपडेट भी करनी होगी, वहीं अस्पताल परिसर की संबंधित फामेसियों में दवाओं की वास्तविक खरीद और बिक्री दर को सूची प्रदर्शित करने के निर्देश है। इसका मुख्य उद्देश्य दवा करोबार में पारदर्शिता लाना एवं मरीजों को सही कीमत पर दवाएं उपलब्ध कराना है।आनलाइन स्टाक दिखने से मरीजों को दवाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, साथ ही अस्पतालों में होने वाली ओवरचार्जिंग पर भी पूरी तरह से रोक लग सकेगी।

दो बदमाशोंने चाकू दिखाकर युवकसे नकदी एवं मोबाइल लूटे

सुबेदारगंज स्टेशनसे लौटते समय पुलके नीचे हुई वारदात, दो शातिर कर रहे थे रेकी

धूमनगंज थाना क्षेत्र में सुबेदारगंज रेलवे स्टेशन से लौट रहे युवक को चाकू दिखाकर बदमाशों ने दो हजार रुपये और मोबाइल फोन लूट लिया। वारदात के दौरान दो अन्य युवक रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर निगरानी कर रहे थे। पुलिस चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही है। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित गंगा विहार कॉलोनी निवासी हुकुम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि १५ अक्टूबर की रात अपने एक रिश्तेदार को रिक्शे से सुबेदारगंज रेलवे स्टेशन छोड़ने गए थे। वहां से लौटते समय रिक्शा नहीं मिलने पर वह पैदल शंकर तिराहे की ओर जा रहे थे। रात करीब नौ से साढ़े नौ बजे के बीच रेलवे स्टेशन से सड़क के रास्ते शंकर तिराहे की ओर जाते समय पुल के नीचे पहुंचे, तभी रेलवे की नई पटरी की तरफ से चार युवक उनके पास आए। आरोप है कि युवकों ने पहले उनसे पूछताछ की, फिर एक ने चाकू निकाल लिया। इसके बाद दो बदमाशों ने उनकी तलाशी लेकर जेब में रखे दो हजार रुपये और मोबाइल फोन छीन लिया। वहीं, दो अन्य युवक रेलवे की नई पटरी पर खड़े होकर निगरानी कर रहे थे। वारदात के बाद चारों आरोपित रेलवे ट्रैक की ओर चले गए। उन्होंने बदमाशों का पता लगाकर लूटे गए रुपये और मोबाइल बरामद कराने की मांग की है। साथ ही मोबाइल का दुरुपयोग किए जाने की आशंका भी जताई है। धूमनगंज पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

कार्यालयपर हमलेके आरोपितोंकी गिरफ्तारी न होनेपर होगा चक्का जाम-अनुज

२६ को मुंडेरा में जुटेंगे किसान, राकेश टिकैत होंगे मौजूद

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने संघटन के प्रदेश कार्यालय पर हमले के आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी न होने पर उग्र आंदोलन एवं चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि नामजद आरोपितों को तुरंत गिरफ्तार किया जाय। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते काररवाई नहीं हुयी तो प्रदेश के विभिन्न जिलों में व्यापक आंदोलन किया जायेगा। अनुज सिंह के अनुसार घटना १९ अक्टूबर को ट्रिपल आईटी के पास भाकयू के प्रदेश कार्यालय में हुयी। आरोप है कि हमलावरों ने कार्यालय में घुसकर पिस्टल दिखाई, जान से मारने की धमकी दी और पदाधिकारियों के साथ मारपीट की। उन्होंने २६ अक्टूबर को मुंडेरा मंडी में होने वाली किसान क्रांति महापंचायत के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत शामिल होंगे। इस महापंचायत में प्रदेशभर से भारी संख्या में किसानों के जुटने की संभावना है।

ज्योति सोनीको मिली प्रयागराज प्रवासीकी जिम्मेदारी

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश महामंत्री ज्योति सोनी को प्रवासी प्रयागराज महानगर, यमुनापार एवं गंगापार का जिला प्रभार सौंपा है। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल ने यह जिम्मेदारी दी है।ज्योति सोनी ने प्रवासी का दायित्व मिलने के बाद पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उनका कहना था कि मैं पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ संकल्पित हूँ कि सौंपे गए जिलों में संगठन को और अधिक सशक्त बनाऊँगी तथा पिछड़ा वर्ग समाज के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ पहुंचने का प्रयास करूंगी।सुश्री सोनी को प्रवासी का दायित्व मिलने के बाद स्थानी पिछड़ा वर्ग के कार्यकर्ताओं ने भी बधाई दी है।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।
सम्पादक:शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर: कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३५८)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।

व्यापारियोंकी विधान परिषदमें अलग प्रतिनिधित्वकी मांग

शिक्षक और स्नातक एमएलसी की तर्ज पर व्यापारियों के लिए भी विधान परिषद में अलग प्रतिनिधित्व की मांग उठायी है। प्रयागराज व्यापार मण्डल एवं राष्ट्रीय उद्योग व्यापार महामंडल ने इसे लेकर पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ बैठक कियां। बैठक में निर्णय लिया गया कि इसके लिए निरंतर अभियान चलाया जायेगा। संघटन के प्रमुख राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व को पत्र भेजेंगे। राष्ट्रीय उद्योग व्यापार महामंडल के प्रदेश अध्यक्ष सुशांत कुमार केसरवानी ने कहा कि जीएसटी, बैंकिंग शुल्क, पार्किंग, बाजार सुरक्षा और आनलाइन व्यापार से जुड़ी समस्याओं को सदन तक पहुंचाने के लिए व्यापारी एमएलसी की व्यवस्था जरूरी है। इस दौरान मनीष कुमार गुप्ता, संतोष गुप्ता, विजय केसरवानी, प्रियंक कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

दुपट्टा हो बदन पे जो दुशासन क्या बिगाड़ेगा...

अल्लापुरकी रामलीला कमेटीकी ओरसे कवि सम्मेलनमें कवियोंने खूब गुदगुदाया

'तना हो सर पे जब छप्पर तो सावन क्या बिगाडेगा, दुपट्टा हो बदन पे जो दुशासन क्या बिगाड़ेगा। तुम्हें सौगंध मर्यादा की जो लक्ष्मण ने खींची थी, वो रेखा पार मत करना तो रावण क्या बिगाड़ेगा' ये अल्फाज इंदौर से आई डा. भुवन मोहिनी ने बाघंबरी क्षेत्र श्री रामलीला कमेटी अल्लापुर की ओर से गुरुवार शाम रामलीला पार्क लेबर चौराहे पर आयोजित अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन में बयां किये। जिसे सुनकर श्रोता लोटपोट हो गये। इस दौरान कई कवियों ने देर रात तक अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया।

कार्यक्रम की शुरुआत राधाकांत ओझा(वरिष्ठ अधिवक्ता)सांसद राज्यसभा, न्यायमूर्ति संजय कुमार पचौरी, हर्षवर्धन बाजपेयी विधायक शहर उत्तरी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सांसद राधाकांत ओझा ने अल्लापुर रामलीला कमेटी के संस्थापक सदस्यों को स्मरण कर इस वर्ष की रामलीला मंचन को अनुपम बताया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति पचौरी ने रामलीला मंचन को भारतीय परिवेश की आत्मा और भावी पीढ़ियों की दिशा तय करने वाला बताया। विधायक हर्षवर्धन ने अल्लापुर रामलीला कमेटी को नगर की प्रमुख चार कमेटियों में एक प्रमुख कमेटी और रामलीला के प्रति स्थानीय वासियों के उत्साह को अद्वितीय बताया। जिसके बाद कवियों ने अपने साथ तरकस में लाये बाणों की बौछार शुरू कर दी। काव्य पाठ में लाफ्टर चैलेंज के सरदार प्रताप फौजदार ने 'अकड़ सदा किसकी रहती है यारा झुक कर बाकरो, कितना खुद से भाग रहे हो थोड़ा रुक कर बात करो। दोपहरी का सूरज बोला मेरे जैसा कोई नहीं, दीपक बोला ये सच है तो शाम को मिलकर बात करो'। प्रयागराज के राधेश्याम भारती ने 'सर बोझ गृहस्थी का लिए हांफता रहा, बाधाओं को हिम्मत से सदा लांघता रहा। घर में महाभारत मेरे बेटों ने रच दिया, मैं जिंदगी भर रामकथा बांचता रहा', अकोदिया मंडी से आये गोविंद राठी ने 'क्या क्या मंजर रखा हुआ है मेरी मां की गोद में, धरती अंबर रखा हुआ है मेरी मां की गोद में, मैं पैसठ बरस का हो के भी बूढ़ा नहीं हुआ,मेरा सर रखा हुआ है मेरी मां की गोद में', अलीगढ़ से आईं मुमताज नसीम ने 'मुरव्वतों से अब की बार काम भी नहीं लिया, थी बेरुखी की इंतेहा सलाम भी नहीं लिया। नसीम उसकी बज्ज मैं वफा की बात जब चली, क़सम खुदा की उसने मेरा नाम तक नहीं लिया'। मुंबई से आए चंदन राय ने पढ़ाई तुम बनारस या इलाहाबाद में करना,कभी बर्बाद मत खुद को किसी की याद में करना। वो जो उम्मीद तुमसे बाप को है याद रखना तुम,बना लो कैरियर पहले मुहब्बत बाद में करना। बाराबंकी से आए विकास बौखल ने किसी खंजर से ना तलवार से जोड़ा जाए, सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए। ये किसी शख्स को दोबारा ना मिलने पाए, प्यार के रोग को आधार से जोड़ा जाए सुनाकर लोगों को झूमने पर मज़बूर कर दिया, आम्बेडकर नगर से आये अभय निर्भीक ने 'संसद के भीतर भाषा की मर्यादा गढ़नी होगी ,नई फसल को भी शब्दों की हर शुचिता पढ़नी होगी । अपनी धरती पर षड़यंत्री दाल नहीं गलने देंगे, भारत को हम ढाका या नेपाल नहीं बनने देंगे सुनाकर वाहवाही बटोरी। इस मौके पर काशी क्षेत्र अध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, अरविंद मोहन जायसवाल, शशि शेखर तिवारी, डिप्टी कंट्रोलर नीरज मिश्रा, चीफ वार्डन अनिल कुमार, सुरेंद्र नाथ मिश्र, कात्यायनी बाजपेयी, वीरेंद्र तिवारी, ओम प्रकाश मिश्र बच्चा भैया, ललित कुमार पाण्डेय, आचार्य राजेश त्रिपाठी, नामित पार्षद स्वारिका भारद्वाज, पूर्व पार्षद शिवा त्रिपाठी, चंदन भट्ट,आदित्य प्रकाश बाजपेयी, आचार्य शिवम पांडेय,संजय श्रीवास्तव,भानु सिंह पटेल , अमित त्रिपाठी, अनिल त्रिवेदी, मुकेश उपाध्याय, सतीश गुप्ता, सत्य प्रकाश मिश्र, दिलीप पासी,कक्कू पाण्डेय,राजेंद्र, अवधेश उपस्थित रह।

एसआरएन के लेबर रूमके सामने गड्ढे बने मुसीबत, हादसेका खतरा

गड्ढोंकी नहीं की गयी है घेराबंदी, निर्माण कार्यके कारण ओटी को छोड़कर पूरे बिल्डिंगमें अंधेरा

स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति विभाग के लेबर रूम के ठीक सामने खोदे गये दो गहरे गड्ढे दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। यहां पर किसी भी समय कोई व्यक्ति गढ्डे में गिर सकता है। सुरक्षा के नाम पर इन गड्ढों की कोई घेराबंदी भी नहीं की गयी है।

स्थिति तब और भयानक हो जाती है जब रात के समय पूरी बिल्डिंग में अंधेरा पसर जाता है। दरअसल ऊपरी मंजिल पर निर्माण कार्य चलने की वजह से पूरी बिल्डिंग की बिजली काट दी गयी है। केवल लेबर रूम की ओटी में वैकल्पिक बिजली व्यवस्था से कार्य चल रहा, बिल्डिंग के शेष भाग में अंधेरा रहता है। स्त्री एवं प्रसूति विभाग में प्रसव के लिए प्रतिदिन ३० से ४० महिलाएं आती हैं। साथ ही उनके परिजन एवं बच्चे भी आते हैं, लेकिन लेबर रूम के सामने बैठने की जगह न होने के कारण लोग गड्ढे के पास ही बैठते हैं और लेबर रूम में आते जाते हैं।वार्ड में सुरक्षा गार्ड की तैनाती है लेकिन वह लेबर रूम के पास बैठे रहते हैं।